**03**

**SET A**

# HIGHER SECONDARY EDUCATION

## HALF YEARLY EXAMINATION 2017-18

## PART II

## HINDI

Score : 80

Time : 2 ½ hrs

HSE II

Cool off Time : 15 Minutes

**सामान्य निर्देश :**

- प्रश्न-पत्र वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- वैकल्पिक प्रश्नों का उत्तर सूचना के अनुसार लिखें।

1. नीचे दिए अंग्रेज़ी शब्दों के लिए उचित **पारिभाषिक शब्द** कोष्ठक से चुनकर लिखें। (8x1=8)

| | |
|---|---|
| Accountancy | Cess |
| Biodiversity | Discount |
| Political science | Energy |
| Percent | Satellite |

(उपकर, लेखाशास्त्र, उपग्रह, जैव-विविधता, बट्टा, ऊर्जा, प्रतिशत, राजनीति विज्ञान)

**सूचना: 2 से 5 तक** के प्रश्नों में **किन्हीं तीन** का उत्तर **एक या दो** वाक्यों में लिखें। (3x2=6)

2. 'मैं ज़मीन नहीं बेचता

बेचता हूँ हृदय'

**पिताजी की व्यथा का चित्रण लेखक ने ऐसा क्यों किया है?**

3. 'सपने का भी हक नहीं' कविता का निम्नलिखित अंश पढ़ें।

'मगर नींद के खुलने के पूर्व ही नोटीस

बैंक की आ धमकी सपने में'

**सपने में स्त्री क्यों भयभीत है?**

4. 'दोस्ती' फिल्मी गीत का यह अंश पढ़ें।

'तेरा ग़म, मेरा ग़म

मेरी जान, तेरी जान

ऐसा अपना प्यार'

**यहाँ गीतकार ने दोस्ती का चित्रण किस प्रकार किया है ?**

5. पिताजी खेतों में पहुँचकर सूर्यास्त तक टहलते रहे। वे खामोश थे।

**पिताजी की खामोशी का क्या कारण है?**

**सूचना: 6 से 10 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार का उत्तर पाँच या छह वाक्यों में लिखें।** (4x4=16)

6. 'धन्य है वर्षा
खेतों में कविताएँ
बोते किसान'

**वर्षा, खेती और किसान के बीच अटूट संबंध है। इसपर अपना विचार लिखें।**

7. जीवन-वृत्त पढ़ें।

**जीवन-वृत्त**

| | |
|---|---|
| नाम | : अमृता प्रीतम |
| जन्म | : 1919 |
| जन्मस्थान | : गुजरांवाला, पंजाब |
| रचना क्षेत्र | : उपन्यास, कहानी, कविता, संस्मरण, आत्मकथा |
| पुरस्कार | : 1982 का ज्ञानपीठ, साहित्य अकादमी पुरस्कार, पद्मश्री, पद्मविभूषण |
| मृत्यु | : 31 अक्तूबर, 2005 |

**अमृता प्रीतम के जीवन पर एक अनुच्छेद तैयार करें।**

8. 'आजकल शादी के नाम पर आडंबर बढ़ते जा रहे हैं।'

**'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' आत्मकथांश के आधार पर अपना मत लिखें।**

- बडप्पन दिखाने की बुरी आदत
- शादी के नाम पर अनावश्यक खर्च
- भविष्य की आशंका

9. 'जबहीं बन मुरली स्रवन।
चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरीं ।।
कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहिं डरीं।
स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल की ढरनि ढरीं।।'

सूरदास ने कृष्ण के प्रति गोपिकाओं के प्रेम का चित्रण किया है।

**पद के आधार पर टिप्पणी लिखें।**

10. 'मुरकी उर्फ़ बुलाकी' कहानी का यह कथन पढ़ें।

- बड़े सुंदर पहाड़ी गीत गाती थी। उड़ते पंछी भी खड़े हो जाते थे।
- तुझे तो वह अपने हाथों से नहीं खिलाती थी, अपनी जान से खिलाती थी।

**मुरकी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।**

**सूचना** : गद्यांश पढ़ें और **11 से 12 तक** के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

हमें परिश्रम करना होगा ताकि हम अपने सपनों को साकार कर सकें। वे सपने भारत के लिए हैं, पर साथ ही वे पूरे विश्व के लिए भी हैं। आज कोई खुद को बिलकुल अलग नहीं सोच सकता क्योंकि सभी राष्ट्र और लोग एक दूसरे से बड़ी समीपता से जुड़े हुए हैं। शांति को अविभाज्य कहा गया है। इसी तरह से स्वतंत्रता भी अविभाज्य है। समृद्धि भी और विनाश भी। अब इस दुनिया को छोटे-छोटे हिस्सों में नहीं बाँटा जा सकता। हमें स्वतंत्र भारत का महान निर्माण करना है, जहाँ उसके सारे बच्चे रह सकें।

11. अब इस दुनिया को छोटे-छोटे हिस्सों में नहीं बाँटा जा सकता। क्यों? (2)

12. खंड का **संक्षेपण** करें और शीर्षक दें। (6)

**सूचना : 13 से 16 तक** के प्रश्नों में **किन्हीं तीन** का उत्तर लिखें। (3x6=18)

13. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' आत्मकथा का अंश पढ़ें।

**'हम सब व्यवस्था से संतुष्ट थे पर मन जैसे अभी से खाली-खाली और उदास था।'**

उदास लेखक अपनी व्यथा डायरी में व्यक्त करता है। **डायरी 60 - 80 शब्दों में तैयार करें।**

- शादी की तैयारियाँ
- ज़मीन बेचने का दुख
- पिता की मौन-व्यथा
- बिदाई की पीड़ा

14. समाचार पढ़ें।

> ***शोले: 40 साल बाद चित्रपट पर***
>
> मुंबई: हिंदी फिल्मी जगत में इतिहास रचनेवाली फिल्म 'शोले' मिनर्वा थियेटर के चित्रपट (Screen) में पुनः आ रही हैं। निदेशक रमेश सिप्पी, अभिनेता अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, हेममालिनी, जयाबच्चन आदि लोग प्रदर्शनी में भाग लेंगे। यह सिनेमा लगातार पाँच साल तक मिनर्वा में प्रदर्शित की थी।

**समाचार के आधार पर 'शोले' फिल्म की पुनः प्रदर्शिनी से संबंधित एक पोस्टर तैयार करें।**

15. मातृदिवस के अवसर पर स्कूली समाचार पत्र का विशेषांक निकाल रहा है। इसमें 'मुरकी उर्फ़ बुलाकी' कहानी की राजवंती के परोपकार से संबंधित एक रपट भी है।

**रपट 60 - 80 शब्दों में तैयार करें।**

- मुरकी को आश्रय देना
- अपनी बेटी जैसा प्यार देना।
- गलतियों की क्षमा करना
- संरक्षण का वादा देना

16. अंग्रेज़ी खंड का हिंदी में अनुवाद करें।

Nowadays Hindi is fastly growing as a universal language. It is spreading in different corners ot the world. There are many openings for Hindi learners. They are spread in public sector, banks, government departments and various corporations. In short, many jobs can easily be obtained by the study of Hindi.

(Universal language - विश्वभाषा, Spreading - फैल रही है, Openings - संभावनाएँ, Public sector - सार्वजनिक क्षेत्र, Government department - सरकारी विभाग, Various corporation - विभिन्न निगम, obtain - प्राप्त करना )

**सूचना:** कवितांश पढ़ें और **17 से 19 तक** के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

'इक कमरेवाली झोंपड़ी में
बच्चों के सो जाने पर
मैं अपनी मन-दीवार पर
अपना विस्तृत घर खींचने लगी।'

17. यह किस कविता का अंश है? (1)

(सपने का भी हक नहीं, मातृभूमि, मेरे लाल)

18. 'अपना विस्तृत घर खींचने लगी।' कहाँ? (1)

19. समकालीन संदर्भ से जोड़कर **कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी** लिखें। (6)

**सूचना: 20 से 22 तक** के प्रश्नों में **किन्हीं दो** का उत्तर लिखें। (2x8=16)


20. बेटी की शादी के लिए पिता को ज़मीन बेचना पड़ता है। इससे दुखी लेखक अपनी शादी बिना दहेज और कम खर्च में करना चाहता है। यह विचार व्यक्त करते हुए वह अपने मित्र को एक पत्र लिखता है। **पत्र तैयार करें।**

- दीदी की शादी का खर्च
- शादी में आडंबर
- मूल्यों का शोषण
- अपने भविष्य का निर्णय

21. मुरकी की दर्दभरी जीवन-गाथा सुनकर कुमार की आँखें भर आईं। संकेतों के आधार पर **कुमार और राजवंती के बीच का वार्तालाप तैयार करें।**

- असहाय मुरकी के प्रति सहानुभूति
- मुरकी के भविष्य के प्रति आशंका
- माँ की ममता
- परोपकार की भावना।

22. हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम का यह कथन पढ़ें।




कथन को ध्यान में रखकर 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर एक **निबंध तैयार करें।**

- विविधताओं का देश
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
- शिक्षा और रोज़गार
- भ्रष्टाचार और गरीबी
- युवाओं का योगदान